an>

Title : Regarding faculty and facilities in AIIMS like Institutes in the country -laid.

श्री रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया): सरकार ने पूरे देश में स्वास्थ्य के सेवा क्षेत्र में काफी संख्या में एम्स जैसे अस्पताल खोले हैं। इसके बावजूद भी चिकित्सकों के अभाव के कारण इलाज काफी प्रभावित हो रहा है, खास करके उत्तर प्रदेश के बड़े राज्यों में एम्स खुल गये हैं, ओ.पी.डी. कार्ड बनाने के लिए काफी लम्बी लाइन में खड़ा होना पड़ता है। ऑपरेशन की सुविधा भी अपर्याप्त है। लम्बे समय की अवधि मिलने के बाद कई बार मरीज की मृत्यु हो जाती है।

मैं सरकार से मांग करता हूँ कि दिल्ली के एम्स की तरह नये सरकारी मेडिकल कॉलेज तथा नर्सिंग कोच के संस्थानों को भी बढ़ावा देते हुए पैरामेडिकल स्टॉफ की भर्ती करायी जाये जिससे मरीजों की गंभीर बीमारियों का समय पर इलाज अपने ही प्रदेश में हो सके और दिल्ली में आने-जाने की कठिनाइयों से बच सके।